माइक्रोसॉफ्ट और राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के बीच एम.ओ.यू.

चर्चा में क्यों?

8 सितंबर, 2021 को मध्य प्रदेश के शुजालपुर में डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन एंड आर्टिफिशियल इंटेलजिंस और ऑनलाइन एजुकेशन से संबंधित सहायता देने के लिये **राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड** (State Board of Open School Education) और **माइक्रोसॉफ्ट** के बीच एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुआ।

प्रमुख बिंदु

- इस दौरान स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) और सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश के 53 ई.एफ.ए (एजुकेशन फॉर आल) स्कूलों में आर्टफिशियल इंटेलजिंस एक विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक के ज्ञान के साथ भविष्य में वैश्विक स्तर पर आई.टी. रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।
- इसी सत्र से कक्षा 8वीं और 9वीं के विद्यार्थियों को तथा अगले सत्र से कक्षा 10वीं से 12वीं तक के बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलजिंस को विषय के रूप में चुनने की सुविधा मिलेगी। माइक्रोसॉफ्ट टीम सॉफ्टवेयर के माध्यम से इस विषय के लिये ऑनलाइन क्लासेस संचालित करेगी।
- माइक्रोसॉफ्ट ने आर्टफिशियल इंटेलजिंस विषय पर 240 घंटे का वार्षिक पाठ्यक्रम और पुस्तक प्रारूप तैयार कर उपलब्ध कराया है। इसके साथ ही आगामी वर्ष में माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विषय के अध्यापन के लिये शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के 53 ई.एफ.ए. स्कूलों में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने विगत वर्ष में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से सहायता की है। इससे लगभग 1500 शिक्षक एवं 40 हज़ार विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-between-microsoft-and-state-board-of-open-school-education